## संस्कृति विभाग

### मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 अक्टूबर 2024

क्रमांक एफ 4-04/2024/30/सं.—इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1-1/30/सं./2006 रायपुर, दिनांक 04-10-2010 द्वारा जारी "पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान नियम-2010" में राज्य शासन, एतद्द्वारा, निम्नलिखित प्रथम संशोधन करता है, अर्थात् :—

#### संशोधन

1. उपान्तरणों के अधीन रहते हुए "पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान नियम-2010" में विनिर्दिष्ट शब्द "साहित्य/आंचलिक साहित्य" जहाँ कहीं भी आये हों, के स्थान पर शब्द "हिन्दी साहित्य" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. यह संशोधन अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 अक्टूबर 2024

क्रमांक एफ 4-04/2024/30/सं.—इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1-1/30/सं./2006 रायपुर, दिनांक 04-10-2010 द्वारा जारी "दाऊ मंदराजी सम्मान नियम-2010" में राज्य शासन, एतद्द्वारा, निम्नलिखित प्रथम संशोधन करता है, अर्थात् :—

#### संशोधन

1. उपान्तरणों के अधीन रहते हुए "दाऊ मंदराजी सम्मान नियम-2010" में विनिर्दिष्ट शब्द "लोक कला/शिल्प" जहाँ कहीं भी आये हों, के स्थान पर शब्द "लोक नाट्य एवं लोक शिल्प" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. यह संशोधन; इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 अक्टूबर 2024

क्रमांक एफ 4-04/2024/30/सं.—राज्य शासन, एतद्द्वारा "चक्रधर सम्मान नियम-2010" में निम्नलिखित आंशिक संशोधन करता है, अर्थात् :—

#### संशोधन

उक्त नियमों में,

1. "चक्रधर सम्मान नियम-2010" में विनिर्दिष्ट शब्द "संगीत एवं कला" के सभी स्थानों पर शब्द "शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. यह संशोधन; इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 अक्टूबर 2024

क्रमांक एफ 4-04/2024/30/सं.—राज्य शासन, एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-1-1/30/सं./2006 रायपुर, दिनांक 19-07-2006 द्वारा स्थापित "देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार नियम-2006" में निम्नलिखित प्रथम संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

1. उपान्तरणों के अधीन रहते हुए "देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार नियम-2006" में विनिर्दिष्ट शब्द "लोक शैली पर आधारित प्रदर्शनकारी छत्तीसगढ़ी लोक कला" जहाँ कहीं भी आये हों, के स्थान पर शब्द "लोक नृत्य" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. यह संशोधन; इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 अक्टूबर 2024

क्रमांक एफ 4-04/2024/30/सं.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, "लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार नियम-2021" में निम्नलिखित आंशिक संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में,

1. "लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार नियम-2021" में विनिर्दिष्ट शब्द "साहित्य/आंचलिक साहित्य" के सभी स्थानों पर शब्द "आंचलिक साहित्य/लोक कविता" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. यह संशोधन; इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगा.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 10 अक्टूबर 2024

क्रमांक एफ 4-04/2024/30/सं.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 4-1/2023/30/सं., दिनांक 13-07-2023 (छत्तीसगढ़ राजपत्र (साधारण) क्रमांक 36, दिनांक 08 सितम्बर 2023, भाग-1) द्वारा स्थापित "हबीब तनवीर सम्मान नियम-2023" में निम्नलिखित प्रथम संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

1. उपान्तरणों के अधीन रहते हुए "हबीब तनवीर सम्मान नियम-2023" में विनिर्दिष्ट शब्द "छत्तीसगढ़ी नाटक/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक, रूपंकर कलाएँ, रंगकर्म" जहाँ कहीं भी आये हों, के स्थान पर शब्द "समकालीन रंगकर्म (छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक)" प्रतिस्थापित किया जाए.

2. यह संशोधन; इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**अन्बलगन पी.**, सचिव.